उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 13.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान ( फेज-04 ) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति महोबा पुलिस द्वारा निरंतर किया जा रहा है जागरुक-

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 13.08.2024 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।




## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 13.08.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उन सभी की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर पर हो सकता है उन सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित किया जाये किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाये; सभी से सम्मान पूर्वक बर्ताव किया जाये, निर्देशित किया गया कि घटना की तथ्यात्मक जानकारी करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये याद रखे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये, किसी भी पीड़ित से गलत व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।



## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध रुप से संचालित जुआ एवं सट्टा से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 12.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा उ.नि. भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर रुपयों-पैसों से हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र सुखलाल उम्र 26 वर्ष 2.महेन्द्र राजपूत पुत्र देशराज उम्र 33 वर्ष निवासीगण ग्राम भटेवरा कला थाना चरखारी जनपद महोबा को हिरासत में लिया गया इस दौरान मालफड़ 470 रू. व 52 अदद ताश पत्ते व जामातलाशी 1530 रू0 कुल 2000/- रूपये बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना चरखारी में मु0अ0सं0 195/2024 धारा 13 G एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया व नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. उ.नि. भूपेन्द्र सिंह
2. हे.का.राजकुमार सिंह 3. का.मो.कामिल 4. का.कुलदीप सिंह

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

1. धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र सुखलाल उम्र 26 वर्ष 2. महेन्द्र राजपूत पुत्र देशराज उम्र 33 वर्ष निवासीगण ग्राम भटेवरा कला थाना चरखारी जनपद महोबा

**बरामदगी-** मालफड़ 470 रू. व 52 अदद ताश पत्ते जामातलाशी 1530 रू0 कुल 2000/- रूपया



## थाना खरेला की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 13.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना खरेला थानाध्यक्ष श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई व0उ0नि0 अरविन्द कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त 1.महेश अहिरवार पुत्र धनीराम अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कमलखेडा थाना खरेला जनपद महोबा को पहरेथा रोड से मु0 बादशाह नगर कस्बा खरेला जाने वाली मार्ग पर बनी पुलिया के पास से हिरासत में लिया इस दौरान अभियुक्त महेश उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर अवैध की बरामदगी की गई है, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना खरेला में मु0अ0सं0 86/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. व0उ0नि0 अरविन्द कुमार उपाध्याय 2.उ0नि0 सुरेश कुमार यादव
3. हे0का0 योगेन्द्र कुमार 4.का0 महेश प्रसाद

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

महेश अहिरवार पुत्र धनीराम अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कमलखेडा थाना खरेला जनपद महोबा

**बरामद माल:-** अभियुक्त के कब्जे एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर



# महोबा पुलिस



## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 13.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक नफर वाँछित अभियुक्त विशुन पुत्र रामप्रकाश राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी मसूदपुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा सम्बंधित मु0अ0सं0 121/24 धारा 323/504/506/324/308 भादवि के वाँछित अभियुक्त को गौनगुढ़ा तिराहे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार शुदा वाँछित अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. उ0नि0 संजय सिंह, थाना पनवाडी जनपद महोबा
2. का0 गौरव सविता थाना पनवाडी जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त –** विशुन पुत्र रामप्रकाश राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी मसूदपुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा



## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने 755 ग्राम अवैध सूखे गांजे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 13.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गयी उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नफर अभियुक्त उदयभान यादव पुत्र मथुरा प्रसाद उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को ग्राम किल्हौआ थाना पनवाडी के पास से हिरासत में लिया गया, जिसके कब्जे से 755 ग्राम सुखा गांजा बरामद हुआ। इस बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पनवाड़ी में मु.अ.सं. 190/2024 धारा **8/20 NDPS ACT** का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्रा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।
2. का0 कौशल प्रताप 3. का0 अंकित सिंह थाना पनवाडी जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्तः-** उदयभान यादव पुत्र मथुरा प्रसाद उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

**बरामदगी माल -** 755 ग्राम सुखा गांजा नाजायज बरामद हुआ।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 13.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 13.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक श्री शिवपाल सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 दिनेश कुमार यादव, उ0नि0 शंकरलाल, हे0 का0 ओमप्रकाश व का0 राघवेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त राकेश रैकवार पुत्र विजय उम्र 19 वर्ष नि0 ग्रा0 दौनी थाना लवकुशनगर जिला छतरपुर म0प्र0 को कस्बा श्रीनगर के पास से हिरासत में लिया इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज व एक अदद मोबाइल वीवो रंग आसमानी बरामद किया गया। इस बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना श्रीनगर में मु.अ.सं. 170/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मान0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 दिनेश कुमार यादव 2. उ0नि0 शंकरलाल
3.हे0 का0 ओमप्रकाश 4. का0 राघवेन्द्र

### गिरफ्तार अभियुक्त –

राकेश रैकवार पुत्र विजय उम्र 19 वर्ष नि0 ग्रा0 दौनी थाना लवकुशनगर जिला छतरपुर म0प्र0

### बरामदगी –

01 अदद तमंचा देशी व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद व एक अदद मोबाइल वीवो रंग आसमानी



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस टीम ने तिरंगा यात्रा निकालकर जनपदवासियों में देशभक्ति की अलख जगाई।

आजादी के रंग खाकी के संग, आजादी का अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज दिनांक 13.08.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर स्वतंत्रता दिवस 2024 के उपलक्ष्य में जनपदीय पुलिस प्रशासन द्वारा वीर शहीदो को याद किया गया तथा स्कूली छात्र/छात्राओं एवं जनपदवासियों के साथ मिलकर हर घर तिरंगा, तिरंगा पद यात्रा, तिरंगा जुलूस राष्ट्रभक्ति के जोश के साथ निकाली गयी। जहां-जहां से तिरंगा यात्रा निकली वहां का माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस यात्रा में शामिल हर शख्स तिरंगा लहरा रहा था। जिससे लोगों में देश देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला।

इस मौके पर सम्बन्धित पुलिस प्रशान के अधी/कर्म0गण सहित जनपद के सम्भ्रान्त लोगों द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई गई।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 13.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा शराब के ठेकों का किया गया औचक निरीक्षण, दिये गये आवश्यक निर्देश-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी त्यौहारों एवं स्वतंत्रता दिवस 2024 के दृष्टिगत जनपद महोबा में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 13.08.2024 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार द्वारा थाना प्रभारी कुलपहाड़ अपराध निरीक्षक श्री यशवंत सिंह के साथ थाना कुलपहाड़ क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न शराब ठेकों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शराब ठेकों से सम्बन्धित अभिलेखों, स्टॉक एवं गुणवत्ता की जांच की गई । जिसमें स्टॉक मिलान के बाद बोतलों के लेबल चेक किये गये, कुछ दुकानों के अन्दर बैठकर शराब पिलाये जाने की सूचना के क्रम में अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित को दुकान के अंदर शराब न पिलाने की सख्त हिदायत दी गयी ।

